पदमश्री से सम्मानित महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य डॉ. विकास महात्मे ने गुरूवार को मालपुरा में केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का दौरा किया। भ्रमण के दौरान महात्मे ने संस्थान की विभिन्न परियोजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की एवं संस्थान के विभिन्न सेक्टरों एवं प्रयोगशालाओं का दौरा किया तथा वहां चल रहे भेड़-बकरी एवं चारागाह से सम्बन्धित कार्यक्रमों का अवलोकन किया। पीआर सैल के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि संस्थान निदेशक डॉ. एसएमके नकवी ने डॉ. महात्मे का स्वागत किया तथा संस्थान में चल रहे विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं एवं सुविधाओं का पूरा विवरण प्रस्तुत किया। डॉ. महात्मे ने अनुसंधान एवं विकास कार्यों की प्रगति पर प्रभावित होते हुए सराहना की। संस्थान द्वारा हाल ही में विकसित अविशान भेड़ एवं दुम्भा नस्ल की भेड़ में उन्होंने अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए कहा कि ये भेड़ें महाराष्ट्र राज्य के किसानों के लिए लाभदायक रहेगी।

दैनिक भास्कर 18/11/16

राज्यसभा सांसद ने आविकानगर का दौरा कर अनुसंधान परियोजनाओं की ली जानकारी

मालपुरा | महाराष्ट के राज्यसभा सदस्य डॉ. विकास महात्मे गुरूवार को केंद्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर पहुंचे। महात्मे ने अविकानगर परिसर का भ्रमण किया व विभन्न अनुसंधान परियोजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की । पद्मश्री से सुशोभित राज्य सभा सदस्य महात्मे ने अविकानगर भ्रमण के दौरान संस्था के विभन्न सेक्टरों एवं प्रयोगशालाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने संस्थान के कामकाज को देख कर प्रशन्नता जताई। वे यहां भेड बकरी व चरागाहों को देख कर प्रफुल्लित हुए । इससे पहले संस्थान में आने पर निदेशक डॉ. एस एम के नकवी ने महात्मे का स्वागत किया। निदेशक डॉ. नकवी ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान परियोजनओं का विवरण प्रस्तुत किया। अनुसंधानों व परिणामों को देख महात्मे प्रभावित हुए। प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी पीआर सैल डॉ. रमेश चंद शर्मा ने बताया कि महात्मे ने अविकानगर में तैयार की गई भेड़ की अविशान व दुम्भा नस्ल को सराह तथा इस नस्ल की भेडों को महाराष्ट्र राज्य के किसानों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों से विभन्न बिंदुओं पर चर्चा की

राजस्थान पत्रिका
18/11/16

राज्यसभा सांसद ने जानी संस्थान की तकनीक

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का भ्रमण किया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. महाराष्ट्र से राज्यसभा के सांसद डॉ. विकास महात्मे ने गुरुवार को केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का भ्रमण कर भेड़-पालन अनुसंधान के क्षेत्र में विकसित की गई तकनीकों व अनुभवों की जानकारी ली।

संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने संस्थान में चल रही विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं, सेक्टर, प्रयोगशालाओं के बारे में बताया। उन्होंने संस्थान में किए जा रहे कई शोध की जानकारी ली और वैज्ञानिकों के अनुभव जाने। इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से अविनाश भेड़ एवं दुम्भा नस्ल की भेड़ पर अनुसंधान किया गया है। ये दोनों महाराष्ट्र क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल हैं। पीआर सेल प्रभारी डॉ. रमेश शर्मा ने संस्थान द्वारा विकसित की गई तकनीकों की जानकारी दी। सांसद ने कहा कि संस्थान द्वारा भेड़पालन के क्षेत्र में किए गए प्रयास सराहनीय है। इससे देश में बढ़ रही मांस की मांग की पूर्ति हो सकेगी। संस्थान द्वारा भेड़ों की मृत्युदर में की गई कमी किसान के हित में है। इससे पशुपालकों को आर्थिक लाभ मिलेगा।